कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.02.2026

//प्रेस विज्ञप्ति//

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन समारोह में पद्मश्री शमशाद बेगम का सम्मान

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "लैगिंक समानता के राजदूत के रूप में संकाय सदस्यों का उन्नयन " कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम की गरिमामय उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका सम्मान किया गया। पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा-कि महिलाऐं हर क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं किन्तु आज भी उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता है, उन्होंने समाज में नारियों को सम्मान दिलाने के लिए महिला कमांडो की स्थापना की। जो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में सक्रिय होकर कार्य कर रही है। जिससे नारियों में जागरूकता आई है। नारियां ही समाज में बदलाव ला सकती है। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा-कि लैंगिक समानता की शुरूआत घर से प्रारंभ होनी चाहिए। घर के छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास बेटा-बेटी के अंतर को घर में ही दूर कर दें, तो यह समाज के परिवर्तन का कारक होगा। मॉ परिवार की प्रथम गुरू है। उनके द्वारा की जाने वाली पहल समाज में बदलाव लाने की कड़ी में महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा-कि लैंगिक समानता आज के समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है, समाज के सभी क्षेत्रों में इसकी बात होनी चाहिए। शिक्षा समाजिक परिर्वतन का सशक्त माध्यम है। इसलिए हमें इस दिशा में पहले प्रयास करना चाहिए और यह कार्यक्रम ऐसा ही प्रयास है जिसके माध्यम से हम संकायों को प्रशिक्षित कर इस दिशा में समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहें है। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम का परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. अमिता सहगल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. रीमारानी दास, समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी शिक्षक तथा समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
Durg, 57qw+3vh, 5 Banglows, Titurdiha, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187643° Long 81.297205°
Tuesday, 24/02/2026 11:56 AM GMT +05:30
Google

18 February 2026
GPS Map Camera
Titurdiha, Chhattisgarh, India
Durg, 57qw+3vh, 5 Banglows, Titurdiha, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.187622° Long 81.297262°
Tuesday, 24/02/2026 12:39 PM GMT +05:30
Google

Government Dr. WamanWasudev
Patankar Girls' PG College
Durg, Chhattisgarh
IQAC
NATIONAL
FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME
"HYBRID"
ON
FUNDED BY RUSA
18 February 2026 to 24 February 2026